भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं.*171

जिसका उत्तर 09.12.2021 को दिया जाना है

कर्नाटक में राष्ट्रीय राजमार्ग

*171. श्री जी.एम.सिद्देश्वर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत पांच वर्षों के दौरान कर्नाटक राज्य में निर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई कितनी है;

(ख) राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का कार्यान्वयन करने में सरकार के समक्ष कौन-कौन सी बाधाएं आ रही हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इन बाधाओं को दूर करने तथा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है।

‘कर्नाटक में राष्ट्रीय राजमार्ग के संबंध में’ श्री जी.एम.सिद्देश्वर द्वारा पूछे गये दिनांक 09.12.2021 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं.*171 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

(क) पिछले पांच वर्षों में से प्रत्येक के दौरान कर्नाटक राज्य में निर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) की कुल लंबाई नीचे दी गई है

वर्ष	कर्नाटक राज्य में किमी में निर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई
2016-17	678
2017-18	772
2018-19	779
2019-20	499
2020-21	425
कुल	3153

(ख) और (ग) राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को लागू करने में सरकार के सामने आने वाली अड़चनें मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण में विलंब, विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारियों (एसएलएओ) का उपलब्ध ना होना, भूमि अधिग्रहण के मामले में लंबित मध्यस्थता मामले, अंडरपास, ओवरपास की मांग के साथ स्थानीय लोगों द्वारा कार्यों में व्यवधान, पर्यावरण और वन मंजूरी में विलंब और ठेकेदारों व रियायतग्राहियों की खराब गतिशीलता / वित्तीय विवशता है। सभी राष्ट्रीय राजमार्ग की प्रगति की समीक्षा केंद्र और राज्य सरकारों के विभिन्न स्तरों पर नियमित रूप से की जाती है। इसके अलावा, राज्य के मुख्य सचिव भी राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यों की प्रगति और कार्यों में होने वाली बाधाओं की प्रतिमाह समीक्षा करते हैं ताकि वन अनुमति, भूमि अधिग्रहण इत्यादि जैसे मामलों का समाधान किया जा सके।

****